# FTII ENTRANCE EXAMINATION—2017

भाफिटेसं प्रवेश परीक्षा–2017

## FILM COURSE (PAPER–II)

फिल्म पाठ्यक्रम (पेपर)—II

**ENTRANCE TEST FOR ADMISSION TO THREE YEAR P. G. DIPLOMA COURSE IN FILM WITH DIRECTION AND SCREENPLAY WRITING AS SPECIALIZATION**

फिल्म में निर्देशन और पटकथा लेखन विशेषज्ञता के साथ तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा

**SECTION–I : GENERAL KNOWLEDGE (20 MARKS)**

भाग–I : सामान्य ज्ञान (20 अंक)

**SECTION–II : GENERAL DESCRIPTIVE (30 MARKS)**

भाग–II : सामान्य वर्णनात्मक (30 अंक)

**SECTION–III : SPECIFIC AREA (50 MARKS)**

भाग–III : विशिष्ट क्षेत्र (50 अंक)

**Time : 10 a.m. to 1 p.m. (03 hours)** **[Total Marks : 100**

समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे (03 घण्टे) [ कुल अंक : 100

| SECTION | MARKS |
|---|---|
| SECTION—I (20 MARKS) | |
| SECTION—II (30 MARKS) | |
| SECTION—III (50 MARKS) | |
| TOTAL—(I+II+III) = 100 MARKS | |

**Seat Number :**
सीट नंबर :

**Examination Centre :**
परीक्षा केन्द्र :

**Signature of Invigilator :**
निरीक्षक के हस्ताक्षर :

[ *Turn over* / पलटकर देखिए

Mark / अंक 20

## SECTION-I : GENERAL KNOWLEDGE

भाग-I : सामान्य ज्ञान

**Note :** (i) Write only the corresponding letter of the correct answer (a), (b), (c) or (d) in the bracket provided against each question. Do not reproduce the text in the answer.

(ii) All questions carry 1 mark each.

टीपनी : (i) प्रत्येक प्रश्न के सामने दर्शाये गये कोष्टक में सही उत्तर से सम्बन्धित (क), (ख), (ग) अथवा (घ) लिखिए । उत्तर में विषयवस्तु न लिखें ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक है ।

1. Who among the following wrote the song "How many roads must a man walk down before you call him a man" ?

(a) Paul Simon (b) Jerry Garcia

(c) Bob Dylan (d) John Lenon ( )

निम्नलिखित में से किसने यह गीत लिखा है ?

"How many roads must a man walk down before you call him a man"

(क) पॉल साइमन (ख) ज़ेरी गार्सिया

(ग) बॉब डिलन (घ) ज़ॉन लेनन

2. Which part of India is associated with the well known singing style called Mann or Maand ?

(a) Gujrat (b) Rajasthan

(c) Madhya Pradesh (d) Uttarakhand ( )

भारत का कौनसा भाग सुविख्यात गायन शैली, जिसे मान या माण्ड कहा जाता है, से सम्बन्धित है।

(क) गुज़रात (ख) राज़स्थान

(ग) मध्य प्रदेश (घ) उत्तराखण्ड

3. Slanko Atikal, the supposed writer of famous Tamil epic Cilappatikaram, was from which religious community ?

(a) Shaivite (b) Vaishnavite

(c) Buddhist (d) Jain ( )

सुप्रसिद्ध तमिल महाकाव्य सिलापाटिकरम का लेखक माने ज़ानेवाले स्लैंको अतिकल किस धार्मिक समुदाय के थे ?

(क) शैव (ख) वैष्णव

(ग) बौद्ध (घ) ज़ैन

4. Which is the language Vidyapati wrote in ?

(a) Bhojpuri (b) Hindi

(c) Maithili (d) Santhali ( )

विद्यापति किस भाषा में लिखते थे ?

(क) भोज़पुरी (ख) हिन्दी

(ग) मैथिली (घ) संथाली

Mark / अंक

5. Which of the following is the first Assamese film made in 1935 by Jyoti Prasad Agarwal ?

(a) Joymoti (b) Manomati
(c) Rupahi (d) Sandhya Raag ( )

ज्योति प्रसाद अग्रवाल द्वारा सन 1935 में बनायी गयी पहली असमिया फिल्म निम्नलिखित में से कौनसी है ?

(क) ज़ॉयमोती (ख) मनोमती
(ग) रूपाही (घ) संध्या राग

6. 'A Corner of A Foreign Field' by Ram Chandra Guha is about which sport ?

(a) Kabaddi (b) Cricket
(c) Hocky (d) Golf )

रामचन्द्र गुहा द्वारा रचित 'अ कार्नर ऑफ अ फारन फिल्ड' किस खेल से सम्बन्धित है ?

(क) कबड्डी (ख) क्रिकेट
(ग) हॉकी (घ) गोल्फ

7. Which of the following part of India does the folk theatre Pandavani belongs to ?

(a) Bihar (b) Uttar Pradesh
(c) Hariyana (d) Chhattisgarh )

निम्नलिखित में से लोकनाट्य शैली पाण्डवानी भारत के किस भाग से सम्बन्धित है ?

(क) बिहार (ख) उत्तर प्रदेश
(ग) हरियाणा (घ) छत्तीसगढ़

8. Who among the following ornithologist wrote 'Fall of A Sparrow' ?

(a) Humayun Abdulali (b) Salim Ali
(c) Gopal Chandra Bhattacharya (d) Hugh Whistler )

निम्नलिखित में से किस पक्षी विज्ञानी ने 'फॉल्स ऑफ अ स्पैरो' का लेखन किया ?

(क) हुमायूँ अब्दुला (ख) सलीम अली
(ग) गोपाल चन्द्र भट्टाचार्य (घ) हग व्हिस्लर

9. The term 'Vakrokti' is associated with which field of knowledge ?

(a) Kavyashastra (b) Ayurveda
(c) Darsana (d) Shilpashastra ( )

'वक्रोक्ति' शब्द ज्ञान के किस क्षेत्र से सम्बन्धित है ?

(क) काव्यशास्त्र (ख) आयुर्वेद
(ग) दर्शन (घ) शिल्प शास्त्र

10. Who among the following is related to Cinema Verite style of documentary film making ?

(a) Robert Flaherty (b) Stephen Leakock
(c) Werner Herzog (d) Jean Rouch ( )

Mark / अंक

डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण की सिनेमा वेराइटी पद्धतिसे निम्नलिखित में से कौन सम्बन्धित है ?

(क) रॉबर्ट फ्रेहर्टी (ख) स्टीफन लीकॉर्क

(ग) वर्नर हर्जोग (घ) ज़ीन रोश

11. Which of the following film is Om Prakash Puri's debut feature film as an actor ?

(a) Akrosh (b) Godhuli

(c) Arvind Desai ka Ajeeb Dastan (d) Ghasiram Kotwal ( )

एक अभिनेता के रूप में ओम प्रकाश पुरी की पहली फीचर फिल्म निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(क) आक्रोश (ख) गोधूली

(ग) अरन्विद देसाई की अज़ीब दास्तान (घ) घासीराम कोतवाल

12. Who among the following film makers is not seen as primarily associated with the use of 'long take' in cinema ?

(a) Mikros Jansco (b) Akira Kurosawa

(c) Theo Angelopolous (d) Chantal Akerman ( )

निम्नलिखित में से किस फिल्म निर्माता को सिनेमा में 'लॉंग टेक' के उपयोग के साथ मूलतः जोड़कर नही देखा ज़ाता है ?

(क) माइक्रो जैंस्को (ख) अकीरा कुरोसावा

(ग) थियो एंजोलोपोलस (घ) चेंटल अकेरमॅन

13. Which of the following sculptor built the 'Rock Garden' of Chandigarh ?

(a) Le Corbusier (b) Nek Chand

(c) M. N. Sharma (d) Charles Correa ( )

निम्नलिखित में से किस मूर्तिकारने चण्ड़ीगढ़ का 'रॉक गार्डन' बनाया ?

(क) ली कॉरबूसियर (ख) नेक चन्द

(ग) एम. एन. शर्मा (घ) चार्ल्स कोरिया

14. 'The Cabinet of Dr. Caligari' directed by Robert Wiene is associated with which of the following film movement ?

(a) French New Wave (b) Direct Cinema

(c) Italian Neorealism (d) German Expressionism ( )

रॉबर्ट वाइने द्वारा निर्देशित 'द कैबिनेट ऑफ डॉक्टर कैलिगारी' निम्नलिखित किस फिल्म आन्दोलन से सम्बन्धित है ?

(क) फ्रेंच न्यू वेव (ख) डायरेक्ट सिनेमा

(ग) इटैलियन नियोरियलिजम (घ) जर्मन एक्सप्रेशनिजम

15. Who directed the Iranian film Shirin ?

(a) Mazid Mazidi (b) Sameera Makhmalbaf

(c) Abbas Kiarostami (d) Jagar Panahi ( )

इरानिन (ईराकी) फिल्म "शिरीन" का निर्देशन किस ने किया ?

(क) माज़िद मज़ीदी (ख) सामीरा मखमलबफ़

(ग) अब्बास कियारोस्तामी (घ) जागर पनाही

Mark / अंक

16. 'Blue Period' is associated with which of the following painters ?

(a) Pablo Picasso (b) Henri Matisse
(c) Paul Cezanne (d) Georges Braque ( )

निम्नलिखित में से 'ब्ल्यू पीरियड' किस चित्रकार से सम्बन्धित है ?

(क) पाब्लो पिकासो (ख) हेनरी मैटीज
(ग) पॉल सीज़ान (घ) ज़ॉर्ज़स ब्रेक

17. What is the meaning of the Arabic word 'Suf' from which the word 'Sufi' appears to be originated from ?

(a) Tree (b) Wool
(c) Leaves (d) Earth ( )

अरबी शब्द 'सूफ' का क्या अर्थ है, जिससे सूफी शब्द का उद्‌गम प्रतीत होता है ?

(क) पेड (ख) ऊन
(ग) पत्ते (घ) मिट्टी

18. The documentary film 'The Inner Eye' by Satyajit Ray is based on which of the following Indian painter ?

(a) Jamini Roy
(b) Nandalal Bose
(c) Mukul De
(d) Benode Behari Mukhopadhyay ( )

'सत्यज़ित रे' की डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) फिल्म 'द इनर आय' निम्नलिखित में से किस भारतीय चित्रकार पर आधारित है ?

(क) ज़ेमिनी राय (ख) नन्दलाल बोस
(ग) मुकुल डे (घ) विनोद बिहारी मुखोपाध्याय

19. Who among the following wrote the book 'Guru Dutt : Teen Anki Shokantika' in Marathi ?

(a) Arun Khopkar (b) Vijay Tendulkar
(c) Bhalchandra Nemade (d) Satish Alekar ( )

निम्नलिखित में से किसने मराठी पुस्तक 'गुरूदत्त : तीन अंकी शोकांतिका' लिखी है ?

(क) अरुण खोपकर (ख) विज़य तेंदुलकर
(ग) भालचन्द्र नेमाडे (घ) सतीश आलेकर

20. Who among the following has conceptualised 'Database Cinema and 'Soft Cinema' as significant audio-visual forms of future in the process of emargence ?

(a) Lev Manovich (b) Steven Shaviro
(c) Donna Haraway (d) Veiran Sobechack ( )

निम्नलिखित में से प्रादुर्भाव की प्रक्रिया (Process of emergence) के भावी महत्त्वपूर्ण दृक-श्राव रूपों से सम्बन्धित डाटाबेस सिनेमा तथा सॉफ्ट सिनेमा की संकल्पना किसकी है ?

(क) लेव मनोविच (ख) स्टीवन शवीरो
(ग) डोना हारवे (घ) वीरन सोबेचक

Mark / अंक

30

## SECTION-II : GENERAL DESCRIPTIVE

### भाग - II : सामान्य वर्णनात्मक

1. Write a critical note on any one of the following issues 12

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए :--

(a) Use and significance of songs as a part of narrative in Indian Cinema.

(क) भारतीय सिनेमा में वृत्तान्त (narrative) के एक भाग के रूप में गीतों का उपयोग एवं महत्त्व।

(b) Contribution of Bhakti-poets in forming the secular consciousness.

(ख) धर्म निरपेक्ष-जागरूकता के निर्माण में भक्ति कवियों का योगदान।

(c) The phenomenon of installation art in India.

(ग) भारत में स्थापत्य कला तथ्य

(d) New wave in Indian Cinema in 60's and 70's.

(घ) 60 और 70 के दशक में भारतीय सिनेमा की नई लहर

(e) The emergence of Asian Cinema during last two decades.

(च) पिछले दो दशकों में एशियाई सिनेमा का प्रादुर्भाव

(f) Changing face of Regional Cinema in post-globalised India.

(छ) पश्च-वैश्वीकृत (Post Global) भारत में क्षेत्रीय सिनेमा का बदलता स्वरूप

(g) Indian English Literature.

(ज) भारतीय अंग्रेजी साहित्य

(h) Role of multiplex in reshaping the course of popular cinema in India.

(झ) भारत में लोकप्रिय सिनेमा की धारा को पुनः आकार देने में मल्टीप्लेक्स की भूमिका

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................


..............................................................................................................

..............................................................................................................

Mark
अंक

2. **Choose any one of the image below** and answer the questions related to that. 18

नीचे दिये गये **किसी एक चित्र को** चुनिए और उनसे सम्बन्ध प्रश्नोंके उत्तर दीजिए ।



(a) In the above photograph (taken in 2008 near the river bank of Tungabhadra in Anegundi, (Karnataka) one can notice a series of idols of snake-deities while some local people are seen washing clothes beside the river.

(क) उपर्युक्त छायाचित्र (जो अनेगुंडी, कर्नाटक मे तुंगभद्र नदी तट के निकट वर्ष 2008 में लिया गया था) सर्प देवता की मूर्तियाँ देखी जा सकती है जब कि कुछ स्थानीय लोग नदी के किनारे कपड़े धोते हुए दिखाई दें रहे हैं ।

(i) Comment on the layering natural and cultural elements in terms of spatialising and temporality as can be read from various elements of the photograph, along with their compositional relations. 10

(i) फोटोग्राफ के विभिन्न तत्त्वों से पठित स्थानीय एवं लौकिक धनसम्पत्ति के रूप में परतदार प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक तत्त्वों का उनके रचनात्मक सम्बन्धों के साथ टिप्पणी करें ।

(ii) Comment how this image can be comprehended as a part of the contemporary reality of 21st century post-globalised hyper-mediated world. 8

(ii) टिप्पणी करें कि 21वीं सदी के वैश्वीकरण के उपरान्त अति मननशील विश्व की समसामयिक वास्तविकता के रूप में इस चित्र को किस प्रकार से समझा जा सकता है ?

**OR / अथवा**

Mark / अंक



(a) Above is a black and white photograph, "Hyde Park in the Grey Drizzle", London, 1937 by Henri Cartier Bresson.

(क) सन 1937 में हेनरी कारटीयर ब्रसों द्वारा लन्दन में खिंचा गया उपर्युक्त छायाचित्र "हाइड पार्क इन द ग्रेट ड्रिजल."

(i) What are the compositional elements that caught your attention and why? 4

(i) वे कौनसे संरचनात्मक घटक (अंश) हैं, जो आपको आकर्षित करते हैं और क्यों ?

(ii) How do the various elements like the composition, light, framing etc. affect the mood of the photograph? 8

(ii) किस प्रकार विभिन्न घटक (elements) जैसे संरचना, लाइट (प्रकाश), रूप निर्मिति, आदि (फोटोग्राफी) छायचित्रण मनस्थिति को प्रभावित करते हैं ?

(iii) What does the picture tell you about the photographer's attitude and point of view? 6

(iii) आपको कैसे कोई छायाचित्र एक छायाकार की प्रवृत्ति और दृष्टिकोण के विषय में बताता है ?

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

Mark / अंक

## SECTION-III : SPECIFIC AREA 50

### भाग-III : विशेषता का क्षेत्र

**Answer –** 30

उत्तर दीजिए।

Question No. 1 OR Question No. 2

AND

Question No. 3 OR Question No. 4

Q.1. Read carefully the following two stories.

निम्नलिखित दोनों कहानियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।

### Story-I : Kannada Oral tale

A housewife knew a story. She also knew a song. But she kept them to herself, never told anyone the story or sang the song.

Imprisioned within her, the story and the song were feeling choked. She wanted release, wanted to run away. One day when she was sleeping with her mouth open, the story escaped, fell out of her, took the shape of a pair of shoes and sat out side the house. The song also escaped, took the shape of something like a man's coat, and hung on a peg.

The woman's husband came home, looked at the coat and shoes, and asked her, "Who is visiting ?"

"No one", She said.

"But whose coat and shoes are these ?"

"I don't know", she replied.

He wasn't satisfied with the answer. He was suspicious. Their conversation was unpleasant. The unpleasantness lead to a quarrel. The husband flew into a rage, picked up his blanket and went to the Monkey God's temple to sleep.

The woman didn't understand what was happening. She lay down alone that night. She asked the same question over and over : "Whose coat and shoes are these ?" Baffled and unhappy, she put out the lamp and went to sleep.

All the lamp flames of the town, once they were put out, used to come to the Monkey God's temple and spend the night there, gossiping. On this night, all the lamps of the houses were represented there-all except one, which came late.

The others asked the late comer, "why are you so late to night ?"

"At our house, the couple quarreled late into the night," said the flame.

"Why did they quarrel ?"

"When the husband wasn't home, a pair of shoes came into the verandah, and a man's coat somehow got onto a peg. The husband asked her whose they were ? The wife said she didn't know. So they quarelled.

"Where did the coat and shoes come from ?"

The lady of the house knows a story and a song. She never tells the story, and has never sung the song to anyone. The story and the song suffocated inside : so they got out and have turned into a coat and a pair of shoes. They took revenge. The women doesn't even know."

The husband, lying under the blanket in the temple, heared the lamp's explanation. His suspicions were cleared. When he went home, it was dawn. He asked his wife about her story and her song. But she had forgotten both of them. "What story, what song ?" she said.

## कहानी-I

एक गृहिणी के पास एक कहानी थी। उसके पास एक गीत भी था। लेकिन उसने उन्हें अपने पास छिपाकर रखा था। उसने कभी किसी को यह कहानी नहीं सुनाई और न ही कभी वह गीत ही गाया।

उस महिला के अन्दर कैद उस कहानी और गीत का दम घुट रहा था। वे मुक्ति चाहते थे, वहाँ से भाग ज़ाना चाहते थे। एक दिन जब वह मुँह खोलकर सो रही थी, वह कहानी बचकर निकल गयी, उसने ज़ूतों के ज़ोडे का रूप ले लिया और घर के बाहर ज़ाकर बैठ गई। वह गीत भी बचकर निकल गया और मनुष्य के कोट का रूप लेकर एक खूँटी पर टंग गया।

महिला का पति घर पर आया तो उसने ज़ूतों एवं कोट को देखकर अपनी पत्नी से पूछा कि "कौन आया है"? उसने उत्तर दिया--कोई नहीं। उसने फिर पूछा--ये ज़ूते और कोट किस के हैं ? पत्नीने फिर से उत्तर दिया--मुझे नहीं पता।

वह उत्तरसे सन्तुष्ट नहीं हुआ। उसमें शक पैदा हुआ। उनके बीच में कहा-सुनी हुई, जो झगड़े में तब्दील हो गयी। पति ने गुस्से में अपना कंबल उठाया और वानरदेव हनुमानज़ी के मन्दिर में सोने चला गया।

महिला को समझ में नहीं आया कि यह क्या हो रहा था?

उस रात वह अकेले ही लेटी रही। वह बार-बार एकही प्रश्न दोहरा रही थी कि वह कोट और ज़ूते किसके हैं ? हताश और निराश होकर उसने चिराग बुझा दिया और सो गई।

शहर के सभी चिरागों की ज्योतियाँ बुझा दिये जाने के बाद वे वानरदेव के उस मन्दिर में ज़मा हो ज़ाती और आपस में गप-शप करती हुई उस मन्दिर में रात गुज़ारती है। उस रात वहाँ सभी चिरागों का प्रतिनिधित्व हुआ--सिवाए एक के--ज़ो देर से पहुँचा।

अन्यों ने उस विलंब से आनेवाले से पूछा, आज रात तुम्हें देर क्यो हुई?

उस ज्योति ने उत्तर दिया--"हमारे घर में देर रात पति-पत्नी में झगड़ा हो गया।" सबने पूछा--"उनमें झगड़ा क्यो हुआ?"

ज़ब पति घर में नहीं था तो ज़ूतों का एक ज़ोड़ा बरामदे में आ गया और कहीं से एक कोट आकर खूँटी पर टंग गया। पतिने ज़ब उनके विषय में पूछा--कि वे किसके हैं--तो पत्नीने बताया कि उसे नहीं पता कि वे किसके है। अतः इस बात को लेकर उनमें झगड़ा हो गया।

"वह कोट और ज़ूते कहाँ से आएं" थे ?

घर की महिला एक कहानी और गीत ज़ानती है। लेकिन उसने कभी किसी को वह कहानी और गीत नहीं सुनाया। इसलिए वे बाहर निकल गये और कोट तथा ज़ूतों के ज़ोड़े के रूप में बदल गये। इस प्रकार से उन्होंने बदला लिया, ज़िसके विषय में महिला को कुछ भी नहीं पता।

कंबल में लिपटे पति ने उन चिरागों की बातचीत सुनी। उसका गुस्सा समाप्त हो गया। जब वह घर लौटा तो सुबह हो चुकी थी। उसने अपनी पत्नी से उस कहानी और गीत के बारे में पूछा। लेकिन वह उन दोनों को भूल चुकी थी। "कैसी कहानी, कैसा गीत" उसने पूछा।

**Story-II :** (Tribal tale from Orissa, collected by Verrier Elwin)

Mangla Naik the Didayi had five sons and a daughter. He managed to get wives for five sons, but when he and his wife died, the girl was still unmarried. The brothers lived together and the sister also stayed with them. Presently she made love with a youth and soon was pregnant. When the brothers discovered this, they were furious and decide to kill her. They took her to the forest and cut her into pieces with their axe. They burried the different parts of her body in different places, putting her entails in the middle of the path.

Mark / अंक

When the men returned home, their wives asked what had happened their sister. "She fell from a rock." they said 'and died.' 'We did not bring her home but buried her at once in the forest.' The wives said nothing at the time, but next day went to find the body. As they went along the path they found a ditch of freshly-dug earth and a cloud of flies hovering above it. They began to dig and suddenly a cobra came up out of the ground. They realised that their sister-in-law's entails had turned into a snake. To pacify the snake they offered their milk and it sucked at each of their breasts in turn. It was this milk that turned into the poison that the cobra carries in its fangs.

**कहानी-II : वेरी एल्विन द्वारा संग्रहित उडीसा की एक जनजातीय कथा** (Tribal tale)

मंगला नायक के पाँच बेटे और एक बेटी थी। उसने अपने पाँचो बेटों का विवाह किया और उनके लिए पत्नियाँ ले आया। किन्तु जब उसकी और उसकी पत्नी की मृत्यु हुई तो उनकी बेटी अविवाहित ही थी। सभी बेटे साथ-साथ रहते थे और उनकी बहन भी उन्हींके साथ रहती थी।

कालान्तर में उसे एक युवक से प्रेम हो गया और ज़ल्द ही व गर्भवती हो गयी। ज़ब भाइयों को इस बारे में पता चला तो वे क्रोधित हो गयें और उन्होंने उसकी हत्या करने का निर्णय ले लिया। वे उसे जंगल में ले गयें और अपनी कुल्हाड़ीसे टुकड़े-टुकड़े करके जंगल के अलग-अलग भागों में, उसके अंगो को ज़मीन में और आंतडियों को रास्ते के मध्य भाग में गाड़ दिया।

ज़ब सभी पुरुष घर लौटें तो उनकी पत्नियोंने उनसे पूछा कि लड़की को क्या हुआ? उन्होंने बताया कि वह एक चट्टान से गिरकर मर गयी। इसलिए उसे घर नहीं लाए और जंगल में ही उसे दफना दिया। पत्नियों ने उस दिन तो कुछ नहीं कहा। किन्तु अगले दिन उसे ढूढ़ने निकल पड़ी। ज़ब वे रास्ते से ज़ा रही थी तो एक ज़गह उन्हें कुछ देर पहले ही खोदा गया गड्ढा मिला, जिसपर मक्खियाँ भिन-भिना रही थी। उन्होंने उसे खोदना शुरू किया और अचानक उसमेंसे एक कोबरा साँप बाहर आया। उन्हें पता चल गया कि उनकी ननद के अवशेषोंने सर्प का रूप ले लिया है। अत: उसे प्रसन्न करने के लिए उन्होंने उसे दूध पिलाया। अत: सर्प ने बारी-बारी से उनके स्तनों से दुग्धपान किया। वही दूध कोबरा में ज़हर के रूप में उसके दंश में वास करता है।

(a) How can you differentiate between above two stories in terms of form, structure, mode of narration etc. Don't mention the events as point of difference. 8

(क) उपर्युक्त दोनों कहानियाँ को आप कैसे कैसे रूप, शैली, कथानक आदि के आधार पर भेद कर सकते हैं? अन्तर के रूप में घटनाओं का उल्लेख न करें।

(b) Which of the two stories you find more suitable for cinematic adaptation ? Why do you think that ? Don't consider any provision of special effects in this regard. 7

(ख) सिनेमाई रूपान्तरण की दृष्टिसे कौनसी कहानी आपको अधिक उपयुक्त लगती है? आप ऐसा क्यों मानते हैं? इस सम्बन्ध में विशेष प्रभाव के किसी भी प्रावधान पर ध्यान न दें।

(c) Develop a narrative situation rich in visual and sound details corresponding to any part of the chosen story. 15

(ग) चुनी गयी कहानी के किसी भी भाग के अनुरूप दृश्यात्मक एवं ध्वनिप्रभावसे युक्त एक व्याख्यात्मक स्थिति विकसित कीज़िए।

**OR / अथवा**

Q.2. Read the passage below and answer the following questions

"In cinema it is all the more the case that observation is the first principle of the image, which always has been inseperable from the photographic record. The film image is made incarnate, visible and four dimensional. But by no means every film image can aspire to being an image of the world : as often as not it merely describes some specific aspects. Naturalistically recorded facts are in themselves utterly inadequate to the creation of a cinematic image. The image in cinema is based on the ability to present as an observation of one's own perception of the object. ( From Andrei Tarkovsky's The Film Image, Sculpting in Time).

Mark / अंक

अथवा

नीचे दिये गये परिच्छेद को पढ़े और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

"सिनेमा में यह स्थिति हमेशा महत्त्वपूर्ण रहती है कि अवलोकन चित्रण का पहला सिद्धान्त होता है जो कि सदैव ही छायाचित्रण (फोटोग्राफिक) के रिकार्ड का अविभाज्य अंग होता है। फिल्म इमेज़ (छबि) को मूर्त रूप देते हुए दृश्यगान रूप (विज़िबल) एवं चार आयामी (फोर डायमेन्शनल) बनाया ज़ाता है। किन्तु किसी भी दृष्टि से फिल्म के चित्रण को विश्व का वास्तविक रूप नहीं माना ज़ा सकता। किन्तु वह तो कुछ विशिष्ट पहलुओं का वर्णन मात्र होता है। प्राकृतिक रूप से रिकार्ड किये गये तथ्य अपने आप में सिनेमाई चित्रण के निर्माण के लिए सर्वथा अपर्याप्त होते हैं। सिनेमा का चित्रण विषय के सम्बन्ध में अवलोकन एवं स्वयं की अवधारणा पर आधारित होता है।

(ऑण्ड्री तार्कोवस्की की The Film Image, Sculpting In Time से).

(a) Expand this statement as per your understanding of the basic nature of cinema. 10

(क) अपनी समझ के अनुसार 'सिनेमा के मूलभूत स्वरूप' के सम्बन्ध में इस कथन की व्याख्या करें।

(b) Write a note strictly based on observation on your locality, rich in visual and sound details. 10

(ख) केवल अपनेद्वारा किये गये अवलोकन के आधार पर अपने इलाके के सम्बन्ध में एक टिप्पणी लिखें, ज़िसमें दृश्यों और ध्वनि प्रभावों की विस्तृत ज़ानकारी हो।

(c) Write atleast ten (10) images (and not shots) based on your observation to create a narrative situation. 10

(ग) एक व्याख्यात्मक स्थिति सृज़न करने के लिए अपने अवलोकन के आधारपर कम से कम 10 छबियाँ (इमेज), (न कि दृश्य, Shots) लिखें।

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**Mark / अंक**

3. Read the passage carefully and answer the following questions

**From story by Nirmal Varma**

Between Kalka and Simla, there is a forgotten hill station–Solan. Here and there, some Bungalows and houses of the British times-empty and open, with broken To-let boards hanging in front of them. The hills are silent there.... in the melancholy of the evening only the songs of the hilly shepherds is heard floating in the air. A little below the motor road, there is a small foursquare hollow-surrounded by the depths of leaves. This space is very silent. On the grey stones presence exists, but letters have eroded. In the eternal silence lie the stones, for years.... the air ruffles the leaves, they rustle and they fall. In the mound of leaves the stones are almost hidden.

I have read the names written on these stones, many a times. Each time the names seem new. I read them and I forget. They have no significance for me, and I am not significant for them, yet I come here every evening. A little above this there is a small patch of slanting grass, like a raised hand. Every evening I sit on this grass palm, and look at these silent stones. This patch is not stone, and yet, not differentiated from the stones. There is wet soil under my feet, some flowers grown in this mud, the colourful butterflies around, flying from one cross to another. There is a strong, stringent smell in the air, this is not the fragrance of the flower, but of the stones. You get this smell from the stones' body, the smell is that of the old paintings, their old colours. Seems like there is a medley between the shadows of the tree, and the stones–the stage is in a light sway, in the amphitheatre of the hills at the back, someone's footsteps can be heard, in the bushes and twigs, and their echo is livening all the corners of the space, before melting in the air of the hills.

**नीचे दिये गये परिच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**निर्मल वर्मा की कहानी**

कालका और शिमला के बीच एक वीरान उपेक्षित हिल-स्टेशन हैं-सोलन। अंगरेज़ों के ज़माने की कुछ कोठियाँ और बँगले यत्र-तत्र मिल ज़ाते हैं-ख़ाली और उज़ाड़, जिनके आगे टु-लेट की टूटी-फूटी तख्तियाँ झूलती रहती हैं।

वहाँ पहाड़ियाँ ख़ामोश रहती हैं शाम उनींदी उदासी में केवल पहाडी चरवाहों का गीतस्वर हवा में उड़ता-भटकता सुनायी दे ज़ाता है। मोटर-रोड से जरा नीचे बित्ते-भर का चौकोर खोखल है-चारों ओर चीड़ के घने झुरमटों में घिरा हुआ।

यह खोखल बहुल ख़ामोश है। सफ़ेद पत्थरों पर काई ज़म गयी है, अक्षर मिट गये है। चिरन्तन मौन के दायरे में पत्थर सोये है, बरसों से सो रहे हैं ···· हवा में पत्ते काँपते हैं, और चुपचाप झर जाते हैं। पत्तों के पीले ढेर में पत्थर दब-से गये हैं।

इन पत्थरों पर ज़ो नाम लिखे हैं, उन्हें अनेक बार पढ़ा है-हरबार नाम नये लगते हैं, हर बार उन्हें पढ़कर भूल ज़ाता हूँ। मेरे लिए उनका कोई अर्थ नहीं है, उनके लिए भी मेरा कोई अर्थ नहीं है, किन्तु फिर भी मैं हर शाम यहाँ आता हूँ। इनके जरा ऊपर घास का छोटा-सा ढलुआ टुकड़ा है-उठी हुई हथेली-सा। मैं हर शाम घास की इस हरी हथेली पर बैठा हुआ इन खामोश पत्थरों को देखता हूँ, जो पत्थर नहीं हैं, किन्तु पत्थरों से अलहदा नहीं हैं। मेरे पैरों के नीचे गीली मिट्टी है, काई-कीचड़ में लिथड़े फूल हैं, रंग-बिरंगी तितलियाँ हैं, जो एक क्रॉस से उडकर दूसरे क्रॉस पर बैठ ज़ाती हैं। हवा में एक तेज़-तीखी खुशबू-सी फैलने लगती है-यह फूलों की नहीं, पत्थरों की खुशबू है, यह गन्ध सड़ते हुए पत्तों की खुशबू से मिलती है, उस गन्ध से मिलती है ज़ो किसी पुरानी पेन्टिग के उखड़े, बासी रंगों से आती है। लगता है जैसे पेड़ों की छायाओं के संग पत्थरों का यह मंच धीरे-धीरे हिल रहा हो, पीछे पहाड़ियों के एम्फीथिएटर में किसी के पैरों की थाप झाड़ियों के बीच सरसराती-सी सुनायी दे ज़ाती है और उसकी गूँज चारों दिशाओं को खटखटाकर पहाड़ी हवा में गुम हो जाती है············

**Mark / अंक**

(a) Create a sound-scape of the space described in the passage. Write at least ten sounds with their mutual and spatial and temporal relationships. 10

(क) उक्त दृश्य में वर्णित स्थानसे सम्बन्धित एक ध्वनि विस्तार तैयार करें। कम से कम 10 ध्वनियों को उनके प्राकृतिक, स्थानिक और सम-सामायिक सम्बन्धों के साथ लिखिए।

(b) Put a character in the space, write a narrative situation and give an appropriate Title to it. 10

(क) दृश्य में एक पात्र को शामिल करें, एक स्थिति की रचना करें और उसे एक उचित शीर्षक दें।

**OR / अथवा**

Q.4. Answer the following questions based on any folk festival that you think is specific to your locality.

(a) Write about the specifities in terms of audio-visual images of various elements of the folk festival and the range of collective emotions expressed through the festival. Why do you think it is different from other similar festivals ? 6

(क) लोक उत्सव के विभिन्न तत्वों के दृक-श्राव्य चित्रणकी विशेषताओं के विषय में और उत्साव के माध्यम से अभिव्यक्त सामूहिक भावनाओं की व्यापकता के बारे में लिखिएं। और बताये कि आपके विचार से यह उत्सव इसी प्रकार के अन्य उत्सवों से किस प्रकार भिन्न है ?

(b) Mention about at least a character with details of gestures, speech, performance, expression, emotion, whom you have seen repeatedly appearing in the festival. 6

(ख) उत्सव में बार-बार दोहराई ज़ानेवाली भावभंगिमाओं, भाषा, कार्यकलाप, अभिव्यक्ति, भावनाओं के विस्तृत वर्णन साथ कम से कम एक पात्र का उल्लेख करें।

(c) Create a small narrative situation of interest including dialogues and other necessary details around the festival. It can be based on true incidents also. 8

(ग) उत्सव से सम्बन्धित आवश्यक विवरणों एवं संवादोंसहित एक रोचक लघु वृत्तांत (Narrative) की रचना करें। यह सत्य घटना पर भी आधारित हो सकता है।

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................